हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 97, पृष्ठ 4, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 21 सितम्बर, 2021 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## सीएम योगी ने गाजीपुर को दिया 195 करोड़ का तोहफा

### मुख्यमंत्री ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

गाजीपुर। सीएम योगी के आगमन से पूर्व भारी भीड़ सैदपुर नगर स्थित टाउन नेशनल इंटर कॉलेज में आना शुरू हो गया। मंच पर बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जमानिया विधायक सुनीता सिंह, पूर्व प्रदेश मंत्री रामतेज पांडेय पहुंचे और आयोजन स?थल का जायजा लिया। एमएलसी विशाल उर्फ चंचल सिंह लगातार व्यवस्था की देखरेख में लगे रहे। वहीं सीएम के आगमन से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक चौबंद रखी गई। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। इस दौरान एक-एक व्यक्ति की जांच करने के बाद ही लोगों को कार्यक्रम स?थल जाने दिया गया। वहीं सुरक्षा कारणों से समाजवादी पार्टी की तरह का गमछा लिए लोगों की सघन तलाशी ली गई। वहीं काली शर्ट और रुमाल लिए लोगों को सुरक्षा कर्मियों ने बाहर कर दिया।



आयोजन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने टाउन नेशनल इंटर कालेज में आयोजित जनसभा में कुल 198 करोड़ रुपये के योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। रिमोट से ही उन्होंने 470 विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं 555 विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा किया कि गाजीपुर का मेडिकल कालेज यहीं के महर्षि विश्वामित्र के नाम पर ही होगा। योगी इस दौरान जमकर गरजे। बगैर नाम लिए उन्होंने मुख्तार पर निशाना साधा, कहा कि पूर्व की सरकारों में गुंडों ने लोगों की जमीन पर कब्जा किया था और लोगों का दबाकर रखा था। गाजीपुर, आजमगढ़ व मऊ से गुंडों की पहचान होती थी। यहां के लोगों को होटल व धर्मशाला में कमरा नहीं मिलता था लेकिन साढ़े चार वर्षों में प्रदेश की सरकार ने इन गुंडों के हौसलों को पस्त कर दिया है। अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाए गए। सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी की तर्ज पर भाजपा सरकार ने कार्य किया। सीएम ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य किया है। सैदपुर में भी भाजपा का विधायक होता तो यहां भी विकास की गंगा बहती। उन्होंने फोरलेन व पूर्वांचल एक्सप्रेस के कार्यों की चर्चा की। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस मजबूती से कार्य किया है उसका कोई सानी नहीं है। बगैर रुके, डिगे और थके पीएम कार्य कर रहे हैं। उसी की देन है कि आज हमारे देश से आतंकवाद खत्म होने के कगार पर है। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने भी प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि मुख?यमंत्री ने भयमुक्त प्रदेश की स्थापना की है। आज रात को 12 बजे भी हमारी बेटी को कोई छू नहीं सकता है।

### सीतापुरः जेल में भी आजम को सुकून नहीं, ईडी के अफसरों ने की पूछताछ

सीतापुर। सीतापुर जेल में कई मामलों में बंद चल रहे सपा नेता व सांसद आजम खान से सोमवार को ईडी पूछताछ करने जेल पहुंची है। ईडी के अधिकारी जेल के अंदर अभी आजम खान से पूछताछ कर रहे हैं। बताया जाता है कि ईडी



से पूछताछ करने से पहले आजम की पत्नी तंजीम फातिमा उनसे मिलने सोमवार को जेल आई हुई थीं। ईडी की दस्तक देने के बाद जेल में हलचल तेज है। हालांकि, जेल के अधिकारी अभी इस मामले में कुछ भी खुलकर बोलने और बताने को तैयार नहीं है। ईडी ने आजम से क्या पूछताछ की है? इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पा रही है। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि ईडी के दो अधिकारी जेल में आजम खान से अलग कमरे में पूछताछ कर रहे हैं। वहां पर सिर्फ तीन ही लोग हैं, जिन के बीच वार्ता चल रही है। ईडी कोर्ट का आदेश लेकर आई हुई है। जेल अधीक्षक ने बताया कि ईडी की टीम आजम खान से पूछताछ कर रही है।

## रद्द होगी 'आप' की मान्यता ? हाईकोर्ट ने याचिका पर केंद्र, दिल्ली सरकार और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) की मान्यता रद्द करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र, दिल्ली सरकार और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'आप' ने सरकारी धन का इस्तेमाल कर-के गणेश चतुर्थी का प्रचार किया जो एक धर्मनिरपेक्ष देश के संविधान के विरुद्ध है। चीफ जस्टिस डी.एन. पटेल और जस्टिस अमित बंसल की बेंच ने स्पष्ट किया कि वह केंद्र, दिल्ली सरकार और निर्वाचन आयोग को नोटिस भेज रही है, ना कि मुख्यमंत्री और राज्य के अन्य मंत्रियों को। वकील ने उक्त पक्षों से निर्देश प्राप्त करने और जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए आठ नवंबर की तारीख तय की। याचिकाकर्ता और वकील एम.एल. शर्मा ने कहा कि वह 'आप' की एक राजनीतिक दल के रूप में मान्यता समाप्त करने तथा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं अन्य मंत्रियों को संवैधानिक पद से हटाने का निर्देश देने का अनुरोध कर रहे हैं क्योंकि कथित रूप से जानबूझकर संविधान और जन प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन किया गया है। दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा



ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह पूरी तरह शरारतपूर्ण याचिका है जिसे जनहित याचिका के रूप में दाखिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे खारिज किया जाना चाहिए और भारी जुमार्ना लगाया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि कोविड-19 महामारी के बीच धार्मिक आयोजनों को रोकने के लिए फैसला किया गया था और दिल्ली सरकार ने भीड़ से बचने के लिहाज से पंडालों को लगाने पर रोक लगाई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने मीडिया से केवल इतना अनुरोध किया था कि लोगों की उत्सव में भागीदारी के लिए उनके आवासों से कवरेज किया जाए। मेहरा ने कहा कि सरकार द्वारा धार्मिक समारोहों की सुविधा देना कोई नई बात नहीं है और यह हर बार कुंभ मेले और अमरनाथ यात्रा के दौरान किया जाता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करना राज्य का गंभीर कर्तव्य है। याचिका में कहा गया है कि 'आप' के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने 10 सितंबर को गणेश चतुर्थी कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसका टेलीविजन चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया था और कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित संवैधानिक आदेश के तहत राज्य धार्मिक समारोहों को बढ़ावा नहीं दे सकता। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और किसी भी सरकार को जनता के पैसे का इस्तेमाल करके धार्मिक गतिविधियों में लिप्त नहीं देखा जा सकता है।

## झटकाः न करें पेट्रोल-डीजल की कीमत में कमी की उम्मीद, तीन रुपये तक हो सकता है महंगा

नई दिल्ली। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने आसमान छुआ हुआ है। आम लोग और विपक्ष इसका विरोध कर रहे हैं।



लोगों का कहना है कि उच्च टैक्स की वजह से देश में तेल की कीमत अधिक है। ऐसे में अब आम लोगों को एक और झटका लग सकता है। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड सोमवार को 75 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। यह ग्राहकों के लिए चिंता की बात है क्योंकि अगर कच्चा तेल और महंगा होता है तो आने वाले दिनों में तेल की कीमत तीन रुपये तक बढ़ सकती है। इस सप्ताह कच्चा तेल 75.34 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। जबकि एक महीने पहले यह 69.03 डॉलर पर था। इस तरह इसमें 9.1 फीसदी का इजाफा हुआ है। दरअसल कोरोना के नए मामलों में आ रही गिरावट और टीकाकरण की बढ़ती रफ्तार से आर्थिक गतिविधियां दोबारा खुली हैं। ऐसे में तेल की मांग भी तेजी से बढ़ रही है, जिससे कच्चे तेल की कीमत आसमान छू रही है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से आज पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले सप्ताह पेट्रोल की कीमत 13 से 15 पैसे, तो वहीं डीजल की कीमत 14-15 पैसे घटी थी। लेकिन अब भी प्रमुख बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये से ऊपर बनी हुई है। आज दिल्ली में पेट्रोल का दाम 101.19 रुपये जबकि डीजल का दाम 88.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 107.26 रुपये व डीजल की कीमत 96.19 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 101.62 रुपये जबकि डीजल का दाम 91.71 रुपये लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 98.96 रुपये लीटर है तो डीजल 93.26 रुपये लीटर है। मालूम हो कि पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को हाल ही में निराशा हाथ लगी थी।

### पाकिस्तानः मस्जिद से पानी भरने से नाराज भीड़ ने हिंदू परिवार को बंधक बनाकर पीटा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक बार फिर हिंदू परिवार के उत्पीड़न की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक यहां पर एक हिंदू परिवार पर लोगों ने हमला किया और परिवार के सभी लोगों को बंधक बनाकर पीटा। यहां तक पुलिस ने भी पीड़ित की शिकायत पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। घटना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की है। आरोप है कि हिंदू परिवार के लोग पास की मस्जिद से पीने का पानी लेने गए हुए थे। इस पर कई लोगों ने आपत्ति जताई और उन पर मस्जिद की पवित्रता भंग करने का अरोप लगाया गया। डॉन अखबार के हवाले से बताया गया कि पीड़ित आलम राम भील पंजाब के रहीम यार खान शहर में रहता है। उसने बताया कि जब उसके परिवार के लोग पास की मस्जिद से पानी भरने के लिए गए हुए थे। तभी कुछ लोगों ने आकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब उसका परिवार वापस घर आया तो उन लोगों ने सभी को बंधक बना लिया और मस्जिद की पवित्रता भंग करने का आरोप लगाकर पीटने लगे। आरोप है कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर मुकदमा नहीं दर्ज किया। क्योंकि हमलावर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से जुड़े हुए थे। मुकदमा न दर्ज किए जाने से नाराज हिंदू परिवार पाकिस्तान के पुलिस स्टेशन के बाहर बैठ गया। इसके बाद डिस्ट्रिक पीस कमेटी के सदस्य पीटर जॉन भील की मदद से उसकी शिकायत दर्ज की गई। पुलिस अधिकारी असद सरफराज का कहना है कि वह इस मामले की जांच कर रहे हैं। पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय में से एक हैं। आंकड़ों की मानें तो करीब 75 लाख हिंदू पाकिस्तान में रह रहे हैं। हालांकि, अल्पसंख्यकों का कहना है कि उनकी आबादी 90 लाख के करीब है। ज्यादातर हिंदू परिवार सिंध प्रांत में रहते हैं। जहां से अक्सर उनके साथ मारपीट, उत्पीड़न की खबरें आती रहती हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया बोले, अगले महीने सरकार को 30 करोड़ वैक्सीन की खुराक मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि सितंबर में भारत सरकार को भारतीय कंपनियों द्वारा निर्मित 26 करोड़ वैक्सीन डोज मिले। वैक्सीनेशन का कार्य भी लगातार बढ़ रहा है। अगले महीने अक्टूबर में हमें 30 करोड़ से अधिक डोज मिलने की संभावना है। उसके बाद प्रोडक्शन और भी बढ़ेगा। चौथे क्वार्टर में हम वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाएंगे। चौथे क्वार्टर में हम वैक्सीन मैत्री के तहत दुनिया को भी मदद करेंगे। अगले तीन महीनों में 100 करोड़ से अधिक खुराक मिलेगी। देश में अब तक 81 करोड़ से अधिक खुराक लगाई गई है।

पिछली 10 करोड़ खुराक में केवल 11 दिन लगे। हमारे अपने नागरिकों का टीकाकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'वैक्सीन मैत्री' के लिए अक्टूबर-दिसंबर में सरप्लस टीकों का निर्यात किया जाएगा। खुद की जरूरतें पूरी करने के बाद कोवैक्स में योगदान किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि टीकों की अधिशेष आपूर्ति का उपयोग कोविड-19 के खिलाफ सामूहिक लड़ाई के लिए दुनिया के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए किया जाएगा। कोवैक्स का सह-नेतृत्व गेवी, कोवलेशन फॉर एपिडेमिक प्रिपेयर्डनेस इनोवेशन और डब्लूएचओ कर रहे हैं। भारत में कोविड टीकों के स्वदेशी अनुसंधान और उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों और मार्गदर्शन के कारण है कि भारत एक साथ इतने बड़े पैमाने पर कोविड के टीकों का अनुसंधान और उत्पादन कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का टीकाकरण अभियान दुनिया के लिए एक आदर्श रहा है और यह बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### जलजमाव से परेशान होकर सड़क पर बैठे मुंडका के लोग, रोहतक रोड पर लगा 15 किमी लंबा जाम

नई दिल्ली। दिल्ली के मुंडका गांव के लोग कई महीनों से जलजमाव की समस्या से परेशान हैं। इससे तंग आकर सोमवार को भारी संख्या में ग्रामीणों ने मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास टीकरी बॉर्डर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी है। भारी संख्या में लोग सड़क पर बैठ गए हैं, जिसकी वजह से दिल्ली-हरियाणा राष्ट्रीय राजमार्ग (रोहतक रोड) पर करीब 15 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। ग्रामीण यह धरना पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के भाई एवं पूर्व महापौर आजाद सिंह के नेतृत्व में कर रहे हैं। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि उनके गांव की कई सड़कें गड्ढों से भरी हुई हैं और ड्रेनेज की व्यवस्था इतनी खराब है कि एक बार बारिश होने के बाद कई दिनों पर बाढ़ जैसी स्थिति बनी रहती है। भारी जाम को देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने दोनों तरफ की सड़क बंद कर ट्रैफिक को डायवर्ट करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ग्रामीणों से बातचीत कर मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री केजरीवाल से ठोस आश्वासन की



मांग पर अड़े हुए हैं। इस बारे में यातायात पुलिस ने ट्वीट कर जानकारी दी है। पुलिस ने लिखा है कि मुंडका मेट्रो स्टेशन के नीचे प्रदर्शन के कारण दोनों साइड का ट्रैफिक बंद कर दिया है। ट्रैफिक को नांगलोई पानी की टंकी से नजफगढ़ की तरफ व घेवरा मोड़ से कंझावला की तरफ मोड़ दिया गया है।

## इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों ने ली तालिबान पर हमले की जिम्मेदारी, सीरियल बम धमाकों का दावा

काहिरा। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएस) के आतंकवादियों ने तालिबान पर हमले का दावा किया है। इस्लामिक स्टेट ने पूर्वी अफगानिस्तान में तालिबान के वाहनों को निशाना बनाने के लिए किए गए सिलसिलेवार बम धमाकों की जिम्मेदारी ली है। आतंकवादी संगठन आइएस की मीडिया शाखा आमक समाचार एजेंसी पर रविवार देर रात प्रकाशित किया गया दावा तालिबान के लिए उनके लंबे समय से प्रतिद्वंद्वियों द्वारा बढ़ते खतरे का संकेत देता है। आईएस के गढ़ प्रांतीय शहर जलालाबाद में रविवार और शनिवार को हुए हमलों में कई तालिबान आतंकियों सहित कम से कम आठ लोग मारे गए थे। तालिबान ने पिछले महीने एक अभियान में अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया काबुल की राजधानी को भी हथिया लिया। जब यू.एस. और नाटो अपने सैनिकों को वापस लेने के अंतिम चरण में थे। अमेरिकी गठबंधन का आखिरी सैनिक 30 अगस्त को रवाना हुआ। अफगानिस्तान पर शासन करने की कोशिश में तालिबान को अब बड़ी आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और आइएस के हमलेउन प्रयासों को और जटिल बना दे रहे हैं। बता दें कि विदेशी सैनिकों के अफगानिस्तान की धरती छोड़ने से पहले तालिबान और आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएस) एक-दूसरे के कट्टर दुश्मन थे। दोनों समूह इस्लाम की कट्टर विचारधारा के समर्थक रहे हैं, लेकिन तालिबान ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण रखने पर ध्यान केंद्रित किया है, जबकि अफगानिस्तान और अन्य जगहों पर आईएस के सहयोगी वैश्विक जिहाद का आह्वान करते हैं।



**तालिबान पर हमले में तीन की मौत, 21 घायल-** अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत स्थित जलालाबाद में शनिवार को तालिबानी लड़ाकों को निशाना बनाकर किए गए सिलसिलेवार तीन धमाकों में तीन की मौत हो गई, जबकि 21 घायल हो गए। देश की सत्ता पर कब्जे के बाद नंगरहार में तालिबान पर हमले की यह पहली घटना है। द खामा प्रेस न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जलालाबाद स्थित प्रांतीय अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से दो की मौत हो गई। एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई थी। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार तीन पीड़ित आम नागरिक थे, जबकि बाकी तालिबानी लड़ाके थे। उधर, काबुल के पश्चिम में हुए एक धमाके में तीन लोग घायल हो गए।

### रूस की पर्म यूनिवर्सिटी में छात्र ने की अंधाधुंध फायरिंग, 8 लोगों की मौत

मोस्को। रूस के पर्म शहर की यूनिवर्सिटी में सोमवार सुबह एक छात्र ने अधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई इस गोलीबारी में कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों के मुताबिक हमले में छह लोग घायल भी हुए हैं। हमलावर से बचने के लिए वहां मौजूद छात्रों और कर्मचारियों ने खुद को कमरों में बंद कर लिया था और उसे अंदर आने से रोकने के लिए कुर्सियों से बैरिकेड्स बना दिए। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता नतालिया पेचिश्चेवा ने कहा कि मास्को से करीब 1,300 किलोमीटर (800 मील) पूर्व में पर्म स्टेट यूनिवर्सिटी में गोलीबारी के बाद बंदूकधारी को मार गिराया गया है।

घटनास्थल के फुटेज में उनका शरीर बाहर जमीन पर पड़ा दिख रहा है। पहले कहा जा रहा था कि पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है और वह घायल है। वहीं स्थानीय मीडिया की तरफ से चलाए जा रहे वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि छात्र जान बचाने के लिए इमारत की पहली मंजिल की खिड़कियों से कूद रहे हैं। स्थानीय मीडिया ने बंदूकधारी की पहचान एक 18 वर्षीय छात्र के रूप में की, जिसने पहले एक राइफल और गोला-बारूद के साथ सोशल मीडिया पर खुद की तस्वीर पोस्ट की थी।

तस्वीर के साथ हमलावर ने लिखा, 'मैंने इस बारे में लंबे समय से सोच रहा हूं, कई साल हो गए हैं और मुझे एहसास हुआ कि मैंने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने का समय आ गया है।' रूस के गृह मंत्रालय ने बताया घटना के बाद जांच समिति ने मामले की जांच शुरू कर दी है।यह हमला 2018 के बाद से रूस की सबसे घातक गोलीबारी की घटनाओं में से एक है। इससे पहले क्रीमिया के एक कालेज में एक छात्र ने 20 लोगों की हत्या कर दी थी। बता दें कि रूस में नागरिकों को बन्दूक रखने पर सख्त प्रतिबंध है, लेकिन शिकार, आत्मरक्षा या खेल प्रतियोगिता के लिए इसे खरीदा जा सकता है।

## चिंतन मनन

# कैप्टन की विदाई

कैप्टन अमरिंदर सिंह को पंजाब की कुर्सी छोड़ने के लिए मजबूर करना यकायक नहीं था। इसकी पटकथा तो एक साल पहले ही तैयार हो चुकी थी। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस हाईकमान की चुनौती बन चुके थे। वो जब कांग्रेस के प्रधान बने तो हाईकमान की नहीं सुनी। जब मुख्यमंत्री रहे तो पंजाब में संगठन को दरकिनार कर दिया। इसके बाद ही कांग्रेस हाईकमान ने हरीश रावत को इसका जरिया बनाया। रावत पंजाब आए और कैप्टन के सबसे बड़े मुखर विरोधी नवजोत सिद्धू को फिर सक्रिय राजनीति में लेकर आए। उनका पंजाब में कांग्रेस प्रधान बनाने का रास्ता तैयार किया। इसी वजह से कैप्टन को अपमानित होकर पंजाब के सीएम की कुर्सी छोड ?ी पड़ी। 2017 में जब पंजाब में कांग्रेस सरकार बनी तो नवजोत सिद्धू स्थानीय निकाय मंत्री बनाए गए। सिद्धू ने जिस अंदाज में मंत्रालय चलाया, उसने कैप्टन के लिए मुश्किल खड़ी कर दी। नतीजा, कैप्टन ने कैबिनेट में बदलाव कर दिया। सिद्धू को स्थानीय निकाय से हटा बिजली मंत्री बना दिया। सिद्धू नाराज हो गए और सियासी वनवास पर चले गए। सिद्धू सिर्फ सोशल मीडिया पर ही एक्टिव रहे। कांग्रेस ने हरीश रावत को पंजाब का प्रभारी बनाया। वो पंजाब आए और कैप्टन के बाद पटियाला जाकर सिद्धू से मिले। वहां सिद्धू को संदेश मिल गया कि कैप्टन को निपटाने के लिए हाईकमान उनके साथ है। बाहर आकर उन्होंने सिद्धू को कांग्रेस का भविष्य बता दिया। इसके बाद सिद्धू तेजी से एक्टिव होते गए। उन्होंने नशा, बेअदबी, महंगी बिजली समझौते के मुद्दे पर कैप्टन को घेरना शुरू कर दिया। कांग्रेस हाईकमान कैप्टन की छुट्टी के मूड़ में था। जरूरत थी तो एक ऐसे कांग्रेसी की, जो कैप्टन के सियासी कद को टक्कर दे सके। इसके लिए सिद्धू बढिया विकल्प मिल गए। हाईकमान ने सुनील जाखड़ की विदाई की तैयारी कर ली। अभी पंजाब प्रधान को लेकर मंथन जारी ही था कि रावत ने कह दिया कि सिद्धू अगले पंजाब प्रधान होंगे। कैप्टन के लिए यही बड़ा संकेत था लेकिन वो समझ नहीं पाए। कांग्रेस हाईकमान से स्पष्ट संदेश था तो सिद्धू ग्रुप ने बगावत शुरू कर दी। दो बार विधायक दिल्ली गए। कांग्रेस ने खडगे कमेटी बना दी। कैप्टन की भी पेशी होती गई लेकिन वो अड़े रहे। इसके बाद बगावत हुई तो हाईकमान ने मंत्रियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। कैप्टन इसे समझ न सके और इसके बाद गुपचुप लेटर निकलवा विधायक दल बैठक बुलाने को कह दिया गया। अंत में उन्हें अपमानजनक विदाई लेनी पड़ी। मुख्यमंत्री बनने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब में अपने हिसाब से काम किया। संगठन में रहे तो हाईकमान के आदेश नहीं सुने। कैप्टन अक्सर बॉर्डर स्टेट की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा लेकर दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से मिलते रहे। कांग्रेस हाईकमान ने इसे फ्रेंडशिप माना। हाल ही में अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग के नवीनीकरण का राहुल गांधी ने कड़ा विरोध किया। इसके उलट कैप्टन अमरिंदर ने कहा कि सब कुछ ठीक बना है। ऐसा पहली बार नहीं है, राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भी कैप्टन हमेशा केंद्र के साथ रहे। 2017 के विधानसभा चुनाव में कैप्टन के नेतृत्व में कांग्रेस को 70 से ज्यादा सीटों पर जीत मिली। लिहाजा पार्टी सत्ता में आई। 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कैप्टन की सिद्धू से अनबन हो गई और उसके बाद धींरे-धींरे सिद्धू ने कैप्टन से नाराज धड़े के साथ मिलकर अंततः उनका इस्तीफा करवा ही दिया। विधानसभा चुनाव से 6 महीने पहले कैप्टन का सीएम पद से इस्तीफा देने से किसे कितना फायदा या नुकसान होगा, यह 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# मोड़ अभी कई और!



उनको क्यों हटाया ।
क्यों इनको है लाया ।।
अब मिश्रित बयान ।
हर जगह है छाया ।।
चला किसी का सिक्का ।
कोई गर्त समाया ।।
भाग्य किसी का लुढ़का ।
है कोई फल पाया ।।
मोड़ कई अभी और ।
लगता आने वाला ।।
खोल रहा है मुंह ।
पहले का रखवाला ।।
राज-काज की बातें ।
इसमें राज समाई ।।
हुआ पटाक्षेप ?
या अभी ऋतु आई ?

–कृष्णेन्द्र राय

# साहित्य को आमजन से जोड़ने की कवायद

गाजीपुर शहर के महुआबाग स्थित आदर्श इण्टर कॉलेज के सभागार में साहित्यकार चिंतक माधव कृष्ण की दूसरी पुस्तक "कामरेडों को मूर्ति पूजा नहीं आती" का विमोचन हुआ। काशी हिन्दू विश्ववविद्यालय के भारत अध्ययन केंद्र के शताब्दी पीठाचार्य प्रोफेसर राकेश उपाध्याय जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह संग्रह बहुरंगी है, इसमें समाज राजनीति विचारधाराओं पर चुटीले व्यंग्य हैं वहीं नई शिक्षा नीति के आधार पर भर्ती जैसी कविताएं भी है जो गधे को शेर और शेर को गधा बनाने की प्रवृत्ति पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं। उन्होंने कविता के सांस्कृतिक आयामों की सराहना करते हुए हूणार कविता की विशेष चर्चा की जिस हूणारि स्कन्दगुप्त विक्रमादित्य पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार कराया था। उन्होंने कहा कि यह गंगा के पानी का प्रभाव है कि माधव कृष्ण जैसे कॉरपोरेट संस्कृति के प्रतिभावान युवक अपने समाज और देश में लौटकर संस्कृतिपरक लेखन कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि हिंदुस्तानी अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि माधव कृष्ण की कविताओं की छटपटाहट की प्रक्रिया शीर्षक में दिख रही है। बात मूर्तिपूजा की नहीं, मूर्तिभंजना की होनी चाहिए क्योंकि भारत की माटी पर भारत की संस्कृति और विचारधारा ही पनप सकती है। उन्होंने विघटनकारी शक्तियों को सामाजिक ढांचे में विद्वेष पैदा करने के स्थान पर सम्वाद करने का संदेश देते इस काव्य संग्रह की सराहना की, और भविष्य में एक बड़े साहित्यिक सम्भावना को रेखांकित किया। लोकार्पण समारोह के विशिष्ट अतिथि नवगीतकार ओम धीरज जी ने कहा कि यह काव्य संग्रह बहुकोणीय दृष्टिबोध से सम्पन्न है। इसके बहुआयामी चरित्र को समझने के लिए इसे समग्रता के साथ पढ़ना चाहिए। यह आज का समय की दोहरी नागरिकता का दर्पण है। हृदय को परदुःखकातर बनाने वाले काव्य को ही साहित्य कहते हैं और ये विशेषताएं इस पुस्तक में सामने आती हैं। इनमें भाव संकुल हैं, आयताकार हैं और वृत्ताकार




भी। माधव कृष्ण के भीतर की आग उम्मीद की आग है, और यह सबके भीतर जलती रहनी चाहिए।

ओम धीरज ने विशिष्ट साहित्यिक समीक्षा प्रस्तुत करते हुए इस संग्रह की अनेक कविताओं को उद्धृत करते हुए रधवा नामक कविता को सामाजिक स्थिति की प्रतिनिधि कविता बताया। गंभीर आधार वक्तव्य देते हुए डॉ शिखा तिवारी ने अनेक कविताओं के माध्यम से माधव कृष्ण के आक्रोश, सम्वेदना को रेखांकित किया। उन्होंने उनकी कविता पढ़ी, "सीखों पूर्वजों से, युद्ध बन्द, योद्धा मित्र, संबंधी भी, और नीतिगत युद्ध दिलों को विषाक्त नहीं करते, परिणाम पर रक्तपात नहीं करते।" इस प्रकार आजकल चुनावोपरान्त हिंसा को नकारते हुए वे परिणाम और प्रत्याशी को स्वीकार करने का आग्रह करते हैं। कवयित्री पूजा राय जी ने समीक्षा प्रस्तुत करते हुए "जरूरी है बोलना" पढ़ी, सिंह ही क्यों सुने जाएं, मेमने सब कहां जाएं, मेमने मिमिया रहे हों बोलने दो, हृदय की हर सुप्त ग्रंथि खोलने दो, बोलना ही जरूरी है, सच नहीं एकाधिकृत है। उन्होंने कहा कि ऐसी कविताएं लिखी जानी चाहिए क्योंकि इन कविताओं से हम अपनी सामाजिक स्थिति व घटनाओं के प्रति संवेदनशील होते हैं।

महिला महाविद्यालय के डॉ निरंजन यादव ने कहा कि अपने जीवन के द्वंद को, संघर्ष को कविता में जीना उन्हीं कवियों के सामर्थ्य में होता है जो खुद के जीवन को कविता के समानांतर जीते हैं ।आप इस बात को माधव से बात- चीत करते हुए एवं उनकी कविताओं को पढ़ते हुए बराबर महसूस करेगें। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि लोगों की खून और हथियार की अंधी धार माधव कृष्ण की कविताओं के विषय हैं।

स्वामी सहजानन्द महाविद्यालय के डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव अनंग जी ने कहा कि मनुष्य जिस जटिल समाज में रहता है, वह तर्कशील ही नहीं भावप्रधान भी होता है, अतः कविता प्रस्फुटित होती ही रहेगी, लोग उससे सुकून, प्रेरणा लेते ही रहेंगे, माधव जैसे कवि कविता का सृजन करते ही रहेंगे और समाज भी संस्कारित होता ही रहेगा। ईश्वर की महती कृपा जिसपर होती है उसे कवित्व प्रतिभा दे देते हैं। कभी कवि, उदास या निराश या फिर अपने इर्द-गिर्द कापरिवेश देख क्षोभग्रस्त होता है, या उसकी भावनाएं आहत होती हैं तो उसकी अभिव्यक्ति कर हल्का हो लेता है, दूसरा भी एक क्षण विशेष में रचित कविता को पढ़ खुद उससे जुड़ा महसूस करता है। समाज के बहुत से सवालों का उत्तर वैसे इतिहास तय करता है, मगर कवि या साहित्यकार उन समस्याओं को उद्घाटित करता है, सचेत और संवेदनशील बनाता है, यही नहीं रास्ता भी सुझाता है, अन्यों से वह ज्यादा संवेदनशील, सचेत और सजग प्रहरी होता है, उसी कड़ी में माधव जी भी आते है।

डॉ संतोष मिश्रा ने अपने लिखित वक्तव्य में कहा कि जहां समाज में पूर्वाग्रह या दुराग्रह से ग्रसित लोग साहित्यकार होने का दम्भ भरते हुए गोलबन्दी में उलझे हुए हैं वहीं सम्वेदनाओं से भरे एक मुकम्मल इंसान और कवि का नाम है माधव कृष्ण जिनका प्रयास कबीर की दृष्टि से दुनियां को देखना और कृष्ण के कर्मयोग को आत्मसात कर जीवनपथ पर बढ़ने के लिए समाज को प्रेरित करना है।'पसीने और मेहनत के मोलभाव..'से उनको गुरेज है तथा कवि की दृष्टि में "धर्म पलायन नहीं, धर्म निष्काम कर्म और सुमिरन" है।वह निर्गुण और सगुण को प्रतिस्पर्धी या एक दूसरे का विरोधी नहीं बल्कि पूरक मानता है।कामरेडों को मूर्ति पूजा नहीं आती शीर्षक से प्रकाशित काव्य संग्रह कवि के बेबाक व्यक्तित्व ,अतीत के ज्ञान और भविष्य की अंतर्दृष्टि से परिचय कराने के साथ समकालीन गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत करता है। डॉ संतोष तिवारी ने उत्तर आधुनिकता की इस स्थापना के विरोध में वक्तव्य दिया कि कवि को कविता से अलग करके देखना चाहिए। उन्होंने कवि माधव कृष्ण की निर्मिति के कारकों पर सविस्तार चर्चा की।

कवयित्री अनुश्री ने कहा कि, यह काव्य संग्रह प्रेम की कविता के कारण उत्कृष्ट हो चुका है, तुमने प्रेम भी नहीं मांगा क्योंकि मांगना तुम्हारा संस्कार नहीं। डॉ समरेन्द्र नारायण मिश्र द्वारा वैदिक स्वस्तिवाचन के मध्य मां सरस्वती का पूजन हुआ और श्वेता भारती ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ अजय राय ने किया और आभार ज्ञापन डॉ श्रीकांत पांडेय ने किया। संचालन डॉ गजाधर शर्मा गंगेश ने किया। समारोह में भूतपूर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल, डॉ सानन्द सिंह, डॉ सन्तन कुमार, मोती प्रधान, आर्य समाज के प्रधान आदित्य प्रकाश, श्री गंगा आश्रम के सदर प्रभारी रामअवध यादव के नेतृत्व के मानव धर्म के सदस्य, उद्यमी संजीव गुप्ता, अच्छे कुशवाहा, गायत्री परिवार के जिलाध्यक्ष बाबू सुरेंद्र सिंह, श्री चन्द्र प्रकाश, मनीष सिंह, अभिषेक अग्रवाल, बद्रीश श्रीवास्तव, पत्रकार सुजीत सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, आशीष राय, शिवकुमार राय, अंशु गुप्ता, सत्य सिंह, रुचि सिंह, कुमुद सिंह, अंजलि सहाय, प्रियंका तिवारी, निमिषा, सोनाली, खुशबू पांडेय इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 'हलाल सर्टिफिकेशन : एक आर्थिक जिहाद' इस विषय पर 'ऑनलाइन' विशेष संवाद !

## विश्व पर इस्लाम की सत्ता लाने के लिए 'हलाल' अर्थव्यवस्था की रचना ! - श्री. रवि रंजन सिंह, अध्यक्ष, झटका सर्टिफिकेशन अथॉरिटी

'हलाल सर्टिफिकेशन' (प्रमाणीकरण) द्वारा विश्व की अर्थव्यवस्था नियंत्रित की जा रही है । विगत 50 वर्षों में 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था इस्लामी देशों ने निर्माण की है । यह भारतीय अर्थव्यवस्था से तीन गुना अधिक है । विश्व की अनेक गुप्तचर संस्थाओं का कहना है कि हलाल का पैसा इस्लामी वर्चस्व निर्माण करने और आतंकवाद के लिए उपयोग किया जाता है । हलाल 'मदर ऑफ जिहाद' है । 'ग्रैंट मुक्ति ऑफ बोसनिया' के मौलाना मुस्तफा ने आइएसआइएस और तालिबानी आतंकवादियों को कहा कि आप स्वयं के मुसलमान बंधुओं का रक्त क्यों बहा रहे हैं ? हलाल अर्थव्यवस्था के माध्यम से आप विश्व पर इस्लाम की सत्ता स्थापित कर सकते हैं । एक बार वे (गैर मुसलमान) हमारे गुलाम बन जाएं, तब हम उनका सारा धन लूट लेंगे । अनेक देशों के पंचतारांकित होटलों में अंतरराष्ट्रीय परिषद आयोजित कर उस देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों को बुलाकर 'आपने हलाल सर्टिफिकेट लिया, तो एक चौथाई विश्व आपके




उत्पाद खरीदेगा', ऐसा बताकर उन्हें 'हलाल सर्टिफिकेट' लेने के लिए बाध्य करते हैं । विश्व पर इस्लामी सत्ता स्थापित करने के लिए ही 'हलाल अर्थव्यवस्था' की रचना की गई है, ऐसा प्रतिपादन 'झटका सर्टिफिकेशन अथॉरिटी' के अध्यक्ष श्री. रवि रंजन सिंह ने किया । हिन्दू जनजागृति समिति आयोजित 'हलाल सर्टिफिकेशन : एक आर्थिक जिहाद' इस 'ऑनलाइन' विशेष संवाद में वे बोल रहे थे ।

हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे ने कहा कि, हलाल केवल मांस ही नहीं, अपितु अनेक खाद्यपदार्थों सहित सौंदर्यप्रसाधन, निर्माणकार्य व्यवसाय में भी लागू हुआ है । 'हल्दीराम' के 500 उत्पाद, 'आशीर्वाद' आटा, 'अमूल' की आईस्क्रीम, 'फॉर्च्युन' ऑईल, के साथ ही अनेक आयुर्वेदिक औषधियां भी 'हलाल सर्टिफाइड' हैं । भारत में अन्न और औषधी प्रशासन 'खाद्य सुरक्षा और मानकीकरण प्राधिकरण' जैसे अधिकृत शासकीय प्रमाणपत्र होते हुए भी 'हलाल सर्टिफिकेट' किसलिए 24 हजार करोड रुपए का मांस निर्यात करनेवाली भारत सरकार के 'अपेडा' के नियमों से पूरे वर्ष आंदोलन कर 'हलाल प्रमाणित मांस' शब्द निकालवाने में हम सफल हुए हैं । इसी प्रकार 40 हजार करोड रुपए की अर्थव्यवस्था से युक्त भारत सरकार की 'एयर इंडिया', रेल्वे की 'आइआरसीटीसी', भारतीय पर्यटन मंडल की 'आइटीडीसी' से 'हलाल प्रमाणित' उत्पाद हटाने के लिए हमें संघर्ष करना है । यदि 'हलाल उत्पाद' खरीदकर हम इस्लामी अर्थव्यवस्था को बढावा नहीं देना चाहते, तो हिन्दू राष्ट्र स्थापित करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बढावा देकर 'हलाल अर्थव्यवस्था' बंद करनी होगी, ऐसा भी श्री. शिंदे ने कहा ।

इस समय 'विवेकानंद कार्य समिति' के अध्यक्ष श्री. नीरज अत्री ने कहा कि 'हलाल' और 'हराम', ये बताते हैं कि इस्लामनुसार क्या उचित और क्या अनुचित है । यह लोगों को नियंत्रित करनेवाली व्यवस्था है, जिससे इस्लाम का वर्चस्व निर्माण किया जाता है ।

# एक नजर इधर भी, श्राद्ध और तर्पण से प्रसन्न होते हैं पितर (पितृपक्ष पर) विशेष



प्रखर जखनियां गाजीपुर। ( **गौरीशंकर पाण्डेय सरस** ) प्रति वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होकर के। कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलने वाला पितृपक्ष मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। पितृपक्ष में हिन्दू रीति-रिवाज से पूर्वजों को याद करके दान धर्म करने की परंपरा के साथ हिन्दू धर्म में इन दिनों का खास महत्व भी है और पितृ पक्ष पर पितरों की मुक्ति के लिए श्राद्ध कर्म करने की प्रधानता भी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृ नाराजगी से घर की तरक्की में बाधा से लेकर पारिवारिक कलह वंश वृद्धि तक में रुकावट एवं सदस्यों के जीवन स्वास्थ्य संबंधित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिस दोष के लिए लोग स्वयं उत्तरदायी हैं।मसलन जीवित रहते हुए माता पिता का अपने द्वारा अनादर करना, मृत्यु पश्चात श्राद्ध का नहीं किया जाना,किसी बेकसूर की हत्या करना आदि किया गया कर्म अगले जन्म में कुंडली दोष के रूप में अपना प्रभाव दिखाते हैं।यही कारण है कि पितृ पक्ष में लोगों द्वारा पितरों को खुश कर आशीर्वाद प्राप्ति की कामना से श्राद्ध किए जाते हैं। मान्यता है कि पितृ पक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद प्रदान करते हैं । उनकी कृपा से जीवन में आने वाली अनेकों प्रकार की दिक्कतों से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि श्राद्ध न होने की स्थिति में मृत प्राणी की आत्मा को पूर्ण मुक्ति नहीं मिलती।पितृ पक्ष में नियमित रूप से दान- पुण्य करने से कुंडली के पितृ दोष दूर हो जाते हैं। यही वजह? है की लोग पितृपक्ष में पितरों को संतुष्ट करने के लिए नियमित रूप से जल में काला तिल मिलाकर हाथ में कुशा ले दक्षिण तरफ मुंह करके तर्पण करने की परम्परा है।और पित्र के पुण्य तिथि के मौके पर निर्धन को भोजन कराने के उपरांत अन्न और वस्त्र का दान किया जाता है।

# तो इन्हें है अफगानी महिलाओं के हितों की चिंता?


अफगानिस्तान पर तालिबानी नियंत्रण के बाद भारत सहित दुनिया के कई देशों यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भी इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि तालिबानों के शासन काल में शरिया कानून की आड़ में महिलाओं के अधिकारों का जबरदस्त हनन हो सकता है। हालांकि ताजा खबरों के अनुसार तालिबान ने महिलाओं के लिये अलग स्कूल कॉलेज में पढ़ाई करने की बात की है। परन्तु हमारे देश में अफगानिस्तान की हालत पर खासकर वहां महिलाओं की संभावित दयनीय स्थिति पर कुछ ज्यादा ही शोर शराबा किया जा रहा है। बेशक हमारे देश में महिलाओं को लगभग हर क्षेत्र अपनी प्रतिभा निखारने की पूरी आजादी है। वैसे भी स्वतंत्र भारत में इंदिरा गाँधी जैसी विश्व की महान नेता ने लगभग 14 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित कर यह साबित कर दिखाया कि भारतवर्ष पुरुषों व महिलाओं के मध्य भेदभाव यहां तक कि राजनैतिक वर्चस्व को लेकर भी लिंग भेद नहीं रखता। कुछ ऐसा ही उदाहरण पिछले दिनों बंगाल चुनाव परिणामों ने ममता बनर्जी को भारी जीत दिलाकर भी पेश किया। सवाल यह है कि क्या यह उदाहरण यह साबित करते हैं कि भारत में महिलाओं की स्थिति,उनका मान सम्मान उनकी सुरक्षा आदि सब कुछ वैसा ही है जैसा कि इन चंद उदाहरणों में देखने को मिलता है ? तालिबानी मानसिकता को हम महिला विरोधी मानसिकता रखने वाला रूढ़ीवादी संगठन कहते हैं और अफगानी महिलाओं के प्रति अपनी चिंताओं का इजहार करते नहीं थकते। शायद उसी तरह जैसे कि मुसलमानों के अतिसूक्ष्म वर्ग में प्रचलित तिहरे तलाक को लेकर हम बहुत चिंतित थे ?

परन्तु हमारे दोहरे चरित्र वाले समाज की हकीकत तो कुछ और ही है। धर्म और राजनीति में अहम पदों व गद्दियों पर बैठे लोग आज महिलाओं के सम्मान व स्वतंत्र अधिकारों वाले देश भारत में महिलाओं को किस नजर से देखते हैं इसके सैकड़ों उदाहरण देखे सुने जा सकते हैं। अफगानिस्तान में पुरुषवादी वर्चस्व को यदि तालिबानी शरिया के नाम पर कायम रखना चाहते हैं तो हमारे देश में भी अनेक लोग अपने दुर्भावना पूर्ण वक्तव्यों से अपने मस्तिष्क में घुसे तालिबानों से भी खतरनाक विचारों को उजागर करते रहते हैं। इन दिनों गाजियाबाद का एक पुजारी उस समय से काफी चर्चा में जबसे उसके मंदिर के बाहर लगे प्याऊ पर एक छोटे लड़के की कुछ लोगों द्वारा सिर्फ इसलिये पिटाई की गयी थी क्योंकि वह हिन्दू नहीं था और मंदिर के प्याऊ में पानी पी रहा था। यह पुजारी महोदय उस समय प्यासे लड़के के पक्ष में नहीं बल्कि प्यासे की पिटाई करने वाले हट्टे कट्टे युवकों के पक्ष में खड़े थे। इसी घटना से इनकी मानसिकता तथा इनकी कथित 'हिन्दूवादिता ' का अंदाजा लगाया जा सकता है। आज इसी घटना ने इनको प्रसिद्धि क्या दिला दी कि इन्होंने जब जो चाहे,जहाँ चाहे बोलना शुरू कर दिया। गत दिनों उनका एक वीडीओ वायरल हुआ जिसमें वे कहते सुने गये कि- 'बी जे पी में जितनी भी महिलायें दिखाई दे रही हैं वो एक नेता के पास गईं और दूसरे के पास नहीं तो उनका काम नहीं होता। तीसरे से काम है तो तीसरे के पास जाना है। अब ये हैं ईमानदार और चरित्रवान लोग। ये है राजनीति। जितनी महिलायें राजनीति करती घूमती हैं। पूरा मजा आ रहा है।'

'धर्मगुरु ' के इस बयान के बाद वही महिलायें इनपर आग बबूला हो गयीं जो प्याऊ काण्ड में केवल हिन्दू होने के नाते इनके साथ खड़ी थीं। परन्तु चूंकि इस बार उसने भजपाई महिलाओं की स्मिता पर हमला किया इसलिये इसके इस आपत्तिजनक बयान का पुरजोर विरोध हुआ। महिलाओं को नीचे दिखाने व उन्हें अपमानित करने वाले इस तरह के तमाम बयान धर्मगुरुओं द्वारा दिए भी जाते हैं और अनेक धर्मगुरु महिलाओं के शारीरिक शोषण में शामिल भी पाए जाते हैं।

# ए. के. शर्मा एमएलसी व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष का पश्चिमी उत्तर प्रदेश का तीन दिवसीय दौरा

प्रखर डेस्क। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य, पूर्व आईएएस अधिकारी श्री ए०के० शर्मा जी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो जिलों के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। ए० के० शर्मा जी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो ज़िलों गौतमबुद्ध नगर एवं मुजफ्फरनगर के तीन दिवसीय भ्रमण के लिए लखनऊ से गौतमबुद्ध नगर आये एवं रात्रि निवास गौतमबुद्ध नगर में किया। इस दरम्यान एवं अगले दिन सुबह कार्यकताओं एवं अन्य लोगों से मिलते रहे। सुबह श्री ए० के० शर्मा जी ने गौतमबुद्ध नगर से मुजफ्फरनगर के लिए प्रस्थान किया। जिसमें उन्हें समाज के हर वर्ग, हर तबके का समर्थन मिलता दिख रहा है। जब वह नोएडा से मुजफ्फरनगर के लिए निकले तो उसके साथ 200 से ज्यादे गाड़ियों का हुजूम देखने को मिला। मुजफ्फरनगर जाते समय रास्ते में दर्जनों स्थानों पर ढ़ोल नगाड़े, बैंड बाजे और डीजे के साथ अल्प कार्यक्रम का आयोजन करके भव्य स्वागत हुआ बिल्कुल वैसे ही जैसे मातृभूमि अपने पुत्र का स्वागत करती है। स्थानीय लोगों ने रास्ते में रोक-रोककर अनोखे उत्साह के साथ जो स्नेह एवं प्यार दिया वह श्री ए० के० शर्मा जी के प्रति उनके अपनेपन को बयां कर रहा था। दोपहर में वृंदावन गार्डन, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर में विभिन्न वर्ग द्वारा आयोजित स्वागत समारोह महिलाओं की भागीदारी, बुजुर्गों के आशीर्वाद, युवाओं के साथ एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें श्री ए० के० शर्मा जी सम्मिलित हुए जहां उन्होंने सर्व समाज के उत्थान की बात की। तत्पश्चात आशीर्वाद बैंकट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में सर्व वर्ग सम्मेलन में सम्मिलित हुए। जहां उनका स्वागत मंत्रोच्चार के साथ देवतुल्य पुरोहितों ने किया। शाम को मुजफ्फरनगर में उद्यमी संवाद में सम्मिलित होकर वहां के उद्यमियों से रुबरु हुए। जहां उन्होंने स्थानीय उद्यमियों से औद्योगिक क्षेत्र में विकास के सन्दर्भ में गहन चर्चा की। देर शाम को गौतमबुद्ध नगर के लिए प्रस्थान किया, रात्रि निवास गौतमबुद्ध नगर में होगा। इस दरम्यान एवं अगले दिन सुबह कार्यकताओं एवं अन्य लोगों से मिलते रहेंगे। सुबह को लखनऊ वापसी के लिए प्रस्थान करेंगे। ए० के० शर्मा जी ने सबके सहयोग एवं समर्थन तथा स्नेह के लिए हृदयतल की गहराईयों से आभार प्रकट किया।



# समाजवादी पार्टी के विधायक व महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी का मुहम्मदपुर आगमन

प्रखर गम्भीरपुर / आजमगढ़। परिवर्तन यात्रा के दौरान समाजवादी पार्टी के विधायक व महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी का मुहम्मदपुर बाजार स्थित बी टी पैलेस में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया समारोह में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए समाज वादी पार्टी के विधायक व महाराष्ट प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार सिर्फ हिंदू मुस्लिम के संबंधों में जहर घोल कर देश में सांप्रदायिक दंगा फैलाना चाहती है देश प्रदेश की सरकार भाजपा नहीं बल्कि आर एस एस के लोग चला रहे हैं जो जो भारत का नहीं बल्कि खुद का कानून चलाना चाहते हैं, जो अग्रेजो के तलवे चाटे और आज अपने आप को क्या क्या कहते है। मुजफ्फरनगर दंगा समाजवादी पार्टी के लिए काल धब्बा है लेकिन दंगे में जिनको भी नुकसान हुआ था ,



समाजवादी पर्टी की सरकार में हुए दंगे फसाद में अखिलेश सरकार ने 15 -15 लाख मुआवजा दिया जबकि कोई और पार्टी ने नही दिया, और कहा कि मुसलमान जज्बाती होता है मुसलमानों को समाजवादी पार्टी से सिर्फ एक जुट होने को कहा लेकिन वह किस पार्टी से आगामी 2022 में गठबंधन करना चाहते है इस और उनको अगर समाजवादी पार्टी के साथ जोड़ना चाहता तो उसका स्वागत है नहीं तो हम अकेले अपने दम पर 2022 में सपा की सरकार बनायेगे। बातो बातो में कहा कि कोई और कुछ बोलने चाहता है तो भीड़ से उठे एक व्यक्ति ने अपनी बात शुरू किया जो मौलाना ताहिर मदनी हुए उन्होंने ने कहा कि इस मुल्क में बी जे पी की नीतियाँ सामने है आप लोग जानते है कि वो देश को तोड़ने का काम कर रही है, बटला हाउस पर उन्होंने एक तरफ लोगो को घुमाया और फिर कहा कि साम्प्रदायिक ताकतों से देशको बचाना है। लेकिन वो किसके साथ है इसपर बात खत्म कर वापस भीड़ में आ गए। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता हाफिज इलतेफात विषहमी ,वसीम अहमद विषहमी , डॉ सरवत अलाम , जिला अध्यक्ष हवलदार यादव , राम आसरे चौहान,मो शाहिद, नदीम अच्छू, पूर्व महा प्रधान हासिम,राशिद, विधायक नफीस अहमद , आदि लोग उपस्थित थे।

## कोरोना वारियर्स सम्मान से सम्मानित हुई महिलाएं



प्रखर पुर्वांचल वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की तरफ से मंडल उपाध्यक्ष एवं सार्थक सेवा फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष पूजा गिरी तथा संस्था के अन्य पदाधिकारियों के साथ और भी महिलाओं को कोरोना वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वाली संस्था की पदाधिकारियों में महामंत्री सुनीता गुप्ता,उपाध्यक्ष अमिता सिंह,मंत्री अल्पना पाठक रही।अन्य महिलाओं में डॉ कंचन मौर्या, रेलवे जीआरपी इंस्पेक्टर गीता राय,सिपाही नागरिक पुलिस सारिका सिंह को भाजपा महिला मोर्चा मंत्री रश्मि रावत के द्वारा कोरोना वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बरेका में चला गहन स्वच्छता अभियान

प्रखर पुर्वांचल वाराणसी रेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार 16 से 30 सितंबर 2021 तक सम्पूर्ण भारतीय रेल में 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बनारस रेल इंजन कारखाना में 16 सितम्बर से ही अपने संपूर्ण क्षेत्रों में कोविड का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विभिन्न कार्यालयों,शॉपों में स्वेच्छता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में सोमवार को प्लांट डिविजन के तत्वावधान में गहन साफ -सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें कर्मशाला के समस्त मशीन एवं प्लांट की साफ-सफाई की गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### उचहुवां यूनियन बैंक के ग्राहकों का आरोप, दस दिन से नेटवर्क नहीं,शाखा में लोगों की भीड़



प्रखर तरवां। हालांकि इस समय भले ही जमाना डिजिटल हो गया है किंतु सभी लोग डिजिटल नहीं हो पाए हैं।और तो और सबके बस की बात भी नहीं है यूपीआई ऐप को इस्तेमाल करना। से ऐसे में एक ही उपाय है की हम बैंक में जाएं और वहां से अपने कार्य को करवाएं। आजमगढ़ जिले के अंतिम छोर पर स्थित उचहुवा बाजार में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा है।जिसमें शुरूवाती दौर में ग्राहक अति संतुष्ट रहते थे।किंतु इस समय लोगों का कहना है की हर महीने में इनका नेटवर्क चला जाता है।अगस्त माह में भी 15 दिनों तक शाखा में नेटवर्क नहीं था, ऐसा ग्राहकों का आरोप है की साहब कह देते हैं की नेटवर्क नहीं है।और इस बार भी सोमवार को लगभग पंद्रह लोगों ने यही शिकायत की,की हम लोग आठ दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं किंतु कर्मचारी केवल यही कह देते हैं की नेटवर्क नहीं है। अतः गुस्साए ग्राहकों की यही अपील है कि इसका सुदृढ़ समाधान खोजा जाए जिससे हम गांव खेत खलिहान में रहने वाले किसानों को इतनी किल्लत फिर से नहीं झेलनी पड़े।

### पतरही बाजार में बनवारी लाल कंछल का व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत



प्रखर पतरही जौनपुर। पतरही बाजार में रविवार को उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद वनवारी लाल कंछल का पतरही बाजार व्यापार मण्डल अध्यक्ष ताड़केश्वर सिंह "ताड़क" व संरक्षक चन्द्रकेश जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत।गौरतलब हो कि वनवारी लाल कंछल ने जाते वक्त लगाया नारा "जो हमसे टकरायेगा चूर चूर हो जायेगा" इस दौरान अनिल बरनवाल, राहुल सिंह, मनीष यादव, संदीप बरनवाल, नीरज बरनवाल,बृजेश राजभर "गोपाल",गनेश गुप्ता,रामजी बरनवाल, मनोज गुप्ता आदि व्यापारी रहे मौजूद।

### भारत विकास परिषद् शक्ति शाखा द्वारा तीजोत्सव मनाया गया



प्रखर वाराणसी। रविवार दिनांक १९ सितम्बर २०२१ को रथयात्रा स्थित श्री कन्हैया लाल स्मृति भवन में भारत विकास परिषद् झ शक्ति शाखा के तत्वाधान तथा डॉ दीपमाला सिंह बघेल की अध्यक्षता में तीजोत्सव समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की मुख्य आभा शाखा की सदस्या महिलाओं द्वारा बढ़चढ़ कर सम्पूर्ण उत्साह एवं उल्लासपूर्वक अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति थी. बालक-बालिकाओं तथा पुरुष-महिलाओं द्वारा अनेक लोकगीत (कजरी), देवीगीत, कविता-पाठ, श्लोक, गायन एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गयी. महिला संयोजिका श्रीमती रंजना श्रीवास्तव ने तीज की महत्ता एवं सनातन धर्म में इसकी पृष्ठभूमि तथा परम्परा पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन कैप्टेन संदीप सिंह के द्वारा हुआ। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती नीलिमा मिश्र ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज सिंह-विभा सिंह, किशोर कुमार सिंह- पुष्पा सिंह, सुनील सिन्हा- सांत्वना सिंह, दिलीप अग्रहरी- माधुरी, संदीप सिंह -प्रेमलता पटेल, अनिल सिन्हा-आयुषी सिन्हा, प्रशांत-ज्योति श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, अंजनी सिंह, सनी - नेहा अग्रवाल, धीरज गोस्वामी-पूनम गोस्वामी, श्रीप्रकाश मिश्रा, आनंद सिंह-सुधा सिंह समेत आयुष, मुस्कान, इशिता, ऋषभ, आकर्षिका, सेजल, सृष्टि,जाह्नवी इत्यादि उपस्थित थे।

### माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया

प्रखर दानगंज वाराणसी। प्राथमिक विद्यालय दानगंज प्रथम विकास क्षेत्र चोलापुर के छात्र बुल्लू यादव का एयर फोर्स में चयन होने पर विद्यालय परिसर में क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों एवं केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडे के प्रतिनिधि एवं जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह उर्फ अखंड जी के द्वारा बुल्लू यादव का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया



इससे देखकर विद्यालय के बच्चे काफी प्रफुल्लित एवं आनंदित होते हुए करतल ध्वनि से सभी गणमान्य का स्वागत जितेंद्र सिंह प्राथमिक विद्यालय दानगंज प्रथम ने किया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद पहुंचे सतीश चौबे के आवास जाना हाल आगामी 2022 विधानसभा के चुनाव पर हुई परिचर्चा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान



खुर्शीद कांग्रेस घोषणा पत्र संवाद में भाग लेने आए वाराणसी में अपने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उस समय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे सतीश चौबे के आवास पर पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना और आगामी 2022 विधानसभा के चुनाव पर भी चर्चा परिचर्चा हुई प्रदेश अध्यक्ष के साथ अमिताभ दुबे स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से दिलीप चौबे ,मनीष चौबे , मयंक चौबे , आदर्श मिश्रा ,विवेक सिंह , नीरज चौबे ,अनिल कुमार , विनीत चौबे ,रोहित दुबे ,अनुभव राय ,आदर्श चौबे , इशांक चौबे इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के चुप्पेपुर गांव स्थित हाइवे पर सोमवार को एक अबैध तमंचे के साथ एक युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा। पिटाई करने के बाद युवक को पुलिस को सौप दिया। बताया जाता है कि वाराणसी जौनपुर हाइवे पर चुप्पेपुर गांव के सामने निमाणार्धीन मकान पर काम कर रहे चुप्पेपुर निवासी अजय कुमार के पास बाइक सवार एक युवक उसके पास आने लगा। उसके कमर में तमंचा देख वह चिल्लाया। जिसपर आसपास के लोगों ने उसे दौड़ा कर धर दबोचा लेकिन बाइक चला रहा युवक भाग निकला। पकड़ में आये युवक ने अपना नाम इमरान खान पुत्र फकरे आलम निवासी महतवान कोतवाली मड़ियाहूं जनपद जौनपुर बताया।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की साइकिल रैली संख्या 3 काशी से रवाना हुई प्रयागराज

प्रखर वाराणसी। आजादी की 75वीं वर्षगांठ को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में भारत सरकार द्वारा मनाया जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में श्री सुभाष चंद्रा (भारतीय पुलिस सेवा) पुलिस महा निरीक्षक मध्य सेक्टर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल लखनऊ के देखरेख में सोमवार दिनांक 20/09/2021 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 95 वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय ,पहड़िया से सहायक कमांडेण्ट श्री सुजय यादव व श्री अनुपम सिंह के नेतृत्व में 15 सदस्यों की साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली में शामिल रिजर्व पुलिस बल के सदस्यों के चेहरे पर देशभक्ति के भाव साफ दिख रहे थे। इस रैली के




मुख्य अतिथि डॉक्टर नीलकंठ तिवारी (पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार,उत्तर प्रदेश सरकार) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किये ।सभी साइकिलो पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगा था । इस अवसर पर 95 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट श्री अनिल कुमार वृक्ष और अन्य अधिकारी व जवान ,काल भैरव मंदिर के महंत योगी योगेश्वर एवं अनिल कुमार सिंह अध्यक्ष सृजन सामाजिक विकास न्यास , श्री विनय कुमार शाखा भारतीय स्टेट बैंक काशी विश्वनाथ मंदिर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जेसीआई जौनपुर चेतना ने मनाया महान दिवस व डांडिया उत्सव

प्रखर जौनपुर। जे सी आई जौनपुर चेतना महिला शाखा ने नगर के एक होटल में महान दिवस व डांडिया उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। जेसीआई वीक के 9वे दिन महान दिवस मनाने की परंपरा जेसीआई चेतना में शुरू से चली आ रही है। ऐसे महान दिवस के अवसर पर जेसीआई अपने पूर्व अध्यक्षों को व विशिष्ट क्षेत्रों के लोगों का सम्मान अवार्ड देकर करती है। संस्था अध्यक्ष जेसी रीता कश्यप ने अपनी पूर्व अध्यक्ष का सम्मान माल्यार्पण व श्रीमद्भागवत गीता देकर व कमल पत्र देकर किया। अवार्ड जेसी सीमा सेठ को वाईफाई अवार्ड गायक ,श्री आशीष पाठक को जेसी अभिलाषा श्रीवास्तव को जेसी आई के 6 दिन के प्रोग्राम पूरा करने के संयोजक के रूप में अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्षों में फाउंडर प्रेसिडेंट जेसी मेघना रस्तोगी पूर्व अध्यक्ष जेसी नीतू गुप्ता जेसी प्रोग्राम कल्पना केसरवानी ,जेसी मैनेजमेंट चारू शर्मा ,आई पी पी ई एफ मधु गुप्ता शामिल रही । इस मौके पर जिले के विभिन्न पत्रकारों को भी कमल पत्र देकर




सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई पी एल पी जे सी एच ए जी एफ आलोक सेठ, विशेष अतिथि जेसी राधे रमण जयसवाल, व जोनडायरेक्टर प्रोग्राम जेसी अभिनव चौरसिया रहे अध्यक्षता द्वारा इन लोगों को सम्मानित किया गया साथ ही जेसी चमन जैन व राज कुमार कश्यप को भी सम्मानित किया गया संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव जेसी अभिलाषा श्रीवास्तव जेसी नीतू गुप्ता व जेसी चारू गुप्ता ने कुशलता पूर्वक किया डांडिया उत्सव में लोगों ने काफी आनंद की अनुभूति की संस्था सदस्यों व अन्य लोगों ने डांडिया खेल कर खूब मौज मस्ती की पूरे कार्यक्रम में अन्य संस्था से आए पदाधिकारी सदस्य एवं संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे , कार्यक्रम संयोजक जेसी सीमा गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## बारिश से कच्चा मकान जमींदोज, गोवंश गम्भीर रूप से घायल

प्रखर खेतासराय जौनपुर। बारिश होने से जहाँ किसानों के चेहरे खिल उठे है वही कच्चा मकान अब मुसीबत बन गया है।सोमवार की अपराह्न पोरईखुर्द में कच्चा मकान गिरने से एक किसान खुले आसमान के नीचे आगया।लोगों की मदद से त्रिपाल में रहने को मजबूर है।ग्रामीणों की सूचना के बाद भी राजस्वकर्मी आंकलन के लिए नही पहुँचे। उक्त गांव निवासी दिनेश सिंह गुड्डू पुत्र रामआसरे सिंह कच्चा मकान बनाकर रहते है।सोमवार की अपराह्न 4:30 बजे तेज बारिश के चलते जमींदोज हो गया।यह संयोग ही था कि हादसे के दौरान परिवार के लोग बाहर थे अन्यथा एक बड़े हादसे से इंकार नही किया जा सकता।पशु चिकित्सक डॉ बिपिन कुमार सोनकर ने गंभीर रूप से घायल गोवंश का उपचार किया।तहसील प्रशासन को सूचित करने के बाद भी लेखपाल के न पहुँचने पर ग्रामीणों में आक्रोश दिखा।पीड़ित ने बताया कि मकान का कुछ हिस्सा अभी इतना जर्जर है की उस मकान में रहना खतरे से खाली नही है।

## अनुमति लेकर स्थापित की जा सकेंगी मूर्तियां दुर्गा पंडाल और रामलीला मंच भी सजेगा

प्रखर आजमगढ़। कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण के बाद सरकार ने नवरात्रि के मौके पर दुर्गा पंडाल लगाए जाने और रामलीला का मंच सजाने की अनुमति देने का फैसला किया है। इसके लिए आयोजकों को स्थानीय स्तर पर अनुमति लेनी होगी। रविवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने आगामी त्यौहारों शारदा नवरात्रि व विजय दशमी और चेहल्लुम के मौके पर कानून व्यवस्था और संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। अवनीश अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद यह गाइडलाइन जारी की गई है। उन्होंने कहा है कि नवरात्रि, विजय दशमी और चेहल्लुम के अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से कोविड 19 महामारी की रोकथाम के लिए दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा। अवस्थी की ओर से कहा गया है कि दुर्गा पूजा पंडाल व रामलीला मंच के स्थापना की अनुमति देते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि सार्वजनिक आवागमन प्रभावित न हो। जिला प्रशासन द्वारा अनुमति इस शर्त के साथ दी जाए कि कोविड 19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए। निर्देश में कहा गया है कि मूर्तियों की स्थापना पारंपरिक, खाली स्थान पर की जाए। मूर्तियों का आकार छोटा रखने की कोशिश की जाए। मैदान की क्षमता से अधिक लोग न रहें। इसी तरह मूर्तियों के विसर्जन में भी छोटे वाहनों का इस्तेमाल किया जाए और मूर्ति विसर्जन कार्यक्त्रस्म में कम से कम लोग शामिल हों। अवनीश अवस्थी की ओर से कहा गया है कि मूर्ति विसर्जन के समय निर्धारित सीमा से अधिक लोग न हो तथा शारीरिक दूरी व मास्क पहनने के नियमों का पालन जरूर किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी धार्मिक स्थल पर क्षमता से अधिक लोगों की भीड़ एकत्र न होने पाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यातायात बाधित न हो एवं बैरियर व पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कराई जाए। अवस्थी ने बताया कि जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से कहा गया है कि वह सुनिश्चित करें कि सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे और कानून व्यवस्था की स्थिति न पैदा होने पाए।

# उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा वाराणसी मंडल में संचालित विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा वाराणसी मंडल में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, एम0वी0एस0रामीरेड्डी द्वारा अपराहन में आयुक्त, वाराणसी मंडल के बैठक कक्ष में की गई। बैठक के प्रारंभ मे मंडल में खरीफ कार्यक्रमों अंतर्गत प्याज क्षेत्र विस्तार ,आम ,अमरूद, केला ,पपीता के नवीन उद्यान रोपण एवं सागभाजी कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव द्वारा अवशेष लक्ष्य को इसी माह में अनिवार्य रूप से पूर्ति करने के निर्देश दिए गए। उनके द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" के अंतर्गत सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ड्रिप और स्प्रिंकलर श्रेणी के प्राप्त लक्ष्यों में 70% ड्रिप स्थापना के कार्यक्रम कराए जाएं तथा स्प्रिंकलर श्रेणी में 30% ही लक्ष्य रखे जाए जिससे किसानों के यहां जल संरक्षण, उचित उर्वरक प्रबंधन कराते हुए जैविक उत्पाद तैयार हो सके ।अभी अगस्त और सितंबर माह के लिए आवंटित धनराशि का व्यय 30 सितंबर तक पूर्ण कर लिया




जाए। अपर मुख्य सचिव द्वारा एग्जॉटिक फसलों के रूप में ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी आदि का प्रदर्शन कृषक प्रक्षेत्रों के साथ विभागीय इकाइयों पर आम जनता के प्रेरणा हेतु कराने के निर्देश दिए गए । प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उद्योग उन्नयन योजना को आत्मनिर्भर भारत अभियान में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का पायलट प्रोजेक्ट बताते हुए उनके द्वारा अभी तक अर्जित प्रगति की समीक्षा करते हुए इस योजना में असंगठित क्षेत्र की इकाइयों के उच्चीकरण एवं नई इकाइयों के अधिकाधिक स्थापना कराते हुए रुपए 10 लाख तक की अधिकतम अनुदान देयता से उद्यमियों को लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया ।इस संबंध में उनके द्वारा उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र तथा अग्रणी जिला प्रबंधक स्तर से समन्वय करने के निर्देश भी दिए गए ।अपर मुख्य सचिव द्वारा कल करखियाव फूलपुर स्थित एग्रो पार्क में स्थापित बी डी फूड्स खाद्य प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण भी किया जाएगा। आज की बैठक में उप निदेशक उद्यान मुन्ना यादव, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान केंद्र बी गौतम, जिला उद्यान अधिकारीगण संदीप कुमार गुप्त , हरिशंकर राम, अलका श्रीवास्तव, शैलेंद्र देव दुबे ,सहित उद्यान निरीक्षकगण अनुराग सिंह, मनोज कुमार सिंह, सुधांशु सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जातीय जनगणना हमारा अधिकार स्वर्गीय गया प्रसाद महाविद्यालय में सरदार सैनिकों ने फूंका बिगुल

प्रखर पूर्वान्चल डेस्क। जातीय जनगणना, वंचित समाज, शोषित, पिछड़ों के हक की लड़ाई में सरदार सैनिक आर-पार के मूड में आ चुके हैं। सोमवार को भभुआ बबेरू स्थित स्वर्गीय गया प्रसाद महाविद्यालय में तैयारी बैठक का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता करते हुए सरदार सेना के युवा संघ जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेलगाम अपराध से आम जनमानस त्रस्त है। केंद्र व प्रदेश सरकार जनता को झूठे जुमले देकर बरगलाने का कार्य कर रही हैं। आने वाले विधान सभा चुनाव में जनता वर्तमान भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि आम जनमानस की यहीं पुकार जातीय जनगणना हमारा अधिकार है। वहीं बैठक में शालिनी सिंह पटेल को जिलाध्यक्ष महिला संघ बांदा पद पर मनोनित किया गया साथ ही आयोजन कमेटी का गठन भी हुआ जिसमें कार्यक्रम संयोजक अवधेश, कार्यक्रम प्रभारी



दिवाकर, कोषाध्यक्ष सनद को तथा स्वागत प्रभारी संजीव कुमार को बनाया गया। बैठक में जनहित संकल्प यात्रा को सफलता पर भी गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन दिवाकर सिंह पटेल ने किया। इस दौरान सरदार सेना के राष्ट्रीय सचिव सुधीर पटेल, प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश वर्मा, वंशराज पटेल, प्रदेश सचिव बुद्धिसागर, बुंदेलखंड मंडल प्रभारी मीरा भारती, मोहित पटेल, संदीप पटेल, रत्नाकर, मिथिलेश गोंड़, अवधेश उपस्थित रहें।

# गुरुजनों के तेज बल व पुण्य प्रताप से मठ की गरिमा आज भी अक्षुण्ण- महामंडलेश्वर भवानीनन्दन यति

प्रखर जखनियां गाजीपुर। सिद्धपीठ हथियाराम मठ एक तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित हो चुका है। जहां निरंतर लगातार 2 माह तक चलने वाले चातुर्मास महानुष्ठान के दौरान सहस्त्र चंडी तथा अतिरुद्र महायज्ञ के मंत्रोच्चारण से समूचा क्षेत्र अलौकिक शक्ति के प्रकाश से विद्यमान हो चुका है। लगातार पिछले 5 वर्षों से सिद्धपीठ हथियाराम मठ में चतुर्मास में अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जबकि इससे पूर्व देश के कोने-कोने में स्थित भूत भावन बाबा विश्वनाथ के द्वादश ज्योतिर्लिंग तीर्थ स्थल क्षेत्रों सहित पशुपतिनाथ नेपाल, परली वैद्यनाथ महाराष्ट्र व अनेक तीर्थ स्थल पर इस यज्ञ का आयोजन हुआ। इसी क्रम में श्री यति जी के 26वें चातुर्मास अनुष्ठान का समापन सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर वैदिक विद्वानों के आचार्यत्व व बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति जी महाराज ने कहाकि यह




धरती भगवान राम कृष्ण की धरती है। विश्व में सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका माना जाता है लेकिन धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्धशाली होने का गौरव भारत को प्राप्त हुआ। जहां माता गंगा का वास हुआ। गाय, गंगा व गांव हमारी सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहर है।

लगभग 700 वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ तमाम ऐतिहासिक व धार्मिक धरोहर सहेजे हुए हैं। मां गंगा द्वारा प्रदत्त कटोरा इस मठ की एक अलौकिक धरोहर है। इसके साथ ही उन्होंने वाराणसी में अंग्रेज शासन के दौरान बाबा विश्वनाथ मंदिर पर सिद्धपीठ द्वारा संचालित टेकरा के धमार्चार्य द्वारा किए गए शास्त्रार्थ का उल्लेख करते हुए कहा सिद्धपीठ के ब्रह्मलीन गुरुजनों के तेज बल व पुण्य प्रताप से मठ आज आध्यात्मिक जगत में एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित हुआ है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं जिन्हें इस मठ की मिट्टी अपने माथे से लगाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी संत डॉ रत्नाकर त्रिपाठी ने कहाकि सिद्धपीठ के संतो के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आदिसन्त मुरारनाथ जी द्वारा दातुन को फाड़कर जमीन में दबा देने के बाद एक बड़ा वृक्ष बलियां जनपद के नगरा स्थित झाड़ी गाँव व एक वृक्ष मोहनियां बिहार के करगहर में विशाल वटवृक्ष का स्वरुप रूप अख्तियार कर लिया है। डॉक्टर त्रिपाठी ने कहाकि बुढ़िया माई की कृपा से लकवा जैसे असाध्य रोग से ग्रसित लोग भी अपने पैरों पर चलकर जाते हैं।

वहीं देश के कोने-कोने से वर्ष पर्यंत दर्शनार्थियों का आना-जाना व सिद्धपीठ द्वारा लोक कल्याण निमित्त निरंतर अनुष्ठान व महायज्ञ का आयोजन सिद्धपीठ सार्थकता को साबित करता है। इस अवसर पर शंभू जी पाठक सतना, गंगोत्री सेवा समिति वाराणसी किशोरी रमण दुबे, आचार्य सुरेश जी त्रिपाठी, आचार्य संजय त्रिपाठी, आचार्य रामानन्द त्रिपाठी, पंडित सर्वेश पाण्डेय, डॉ मंगला प्रसाद सिंह कथाकार, डॉ कौस्तुभ भट्टाचार्य, संत अमरजीत महाराज, संत देवराहा बाबा, ब्लाक प्रमुख संतोष यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख शारदानंद राय, डॉ सुरेंद्र नाथ सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, गोविंद यादव, वरुण सिंह, काशी विद्यापीठ ब्लाक प्रमुख प्रवेश पटेल, लौटू प्रसाद, चंदौली से भरथ सिंह, विनोद सिंह, हृदयनारायण सिंह, यशवंत सिंह, शैलेष बागी, चन्दन पाण्डेय, अभयानन्द यति, महेन्द्र सिंह, निक्कू सिंह, डॉ उदयभान सिंह सहित काफी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आटो के धक्के से रोडवेज बस चालक की मौत


प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। चित्रसेनपुर गांव (कछवांरोड) के पास हाइवे की सर्विस रोड पर आटो के धक्के से महेंद्र तिवारी (52 वर्ष) नामक रोडवेज बस चालक की मौत हो गई।धक्का मारने के बाद आटो चालक वाहन समेत भाग निकला।पुलिस ने शव को कब्जे में ले ली हैं।मृतक के भाई धीरेंद्र तिवारी ने आटो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। बताते हैं कि प्रयागराज के हंडिया तहसील के थाना सराय ममरेज के चतुर पट्टी गांव निवासी महेंद्र तिवारी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस चलाने का काम करते रहे।कैंट डिपो की बस (यूपी 65.ई.टी.4151) में रविवार को मथुरा से सवारी लेकर वाराणसी आ रहे थे कि चित्रसेनपुर के पास बस के इंजन में कुछ खराबी आ गई।बस को हाइवे पर खड़ा कर मैकेनिक को बुला कर दिखाने के बाद सर्विस रोड को पैदल पार कर रहे थे कि रूपापुर की ओर से गलत दिशा से जा रहे आटो ने टक्कर मार दी।टक्कर लगने से लहूलुहान होकर गिर पड़े।आटो का नम्बर नोट कर लिया गया।सेवापुरी के दिलावलपुर निवासी परिचालक रामनरायन आनन-फानन में घायल चालक को बीएचयू ट्रामा सेंटर ले आए, जहां दोपहर में उनकी मौत हो गई।चालक के मौत की खबर लगते ही स्वजनों में कोहराम मच गया।

## आत्महत्या हेतु प्रेरित करने के मामले में पति गिरफ्तार

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। दहेज की खातिर प्रताड़ित कर पत्नी पूजा को बीते वर्ष 13 नवंबर को आत्महत्या हेतु प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने खन्दक गांव निवासी लवकुश उर्फ अशोक को कछवांरोड के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मृतका के पिता शिवशंकर द्वारा कोर्ट की शरण लेकर बीते 16 अगस्त को पति समेत ससुर लल्लन, सास शांति समेत आधादर्जन लोगो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## काशी की बेटी विजया का लंदन में हुआ चयन

प्रखर वाराणसी। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र की बेटी विजया सिंह गौतम ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को बुलंद करते हुए काशी का मान बढ़ाया हैं।इसका चयन स्कूल आफ ओरियंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज, यूनिवर्सिटी आफ लंदन में एल.एल.एम में सौ फीसदी स्कालरशिप के साथ हुआ हैं।यह उपलब्धि इसे फलिक्स स्कालरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत मिली हैं।जिसके तहत पूरे भारत वर्ष से मात्र चार बच्चो को चुना गया हैं। वाराणसी के फातमान (सिगरा) निवासी नगर निगम के पूर्व उपसभापति व भाजपा निकाय प्रकोष्ठ के सह संयोजक महेंद्र सिंह गौतम की पुत्री विजया सिंह गौतम राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी आफ ला, पटियाला (पंजाब) से बीए-एलएलबी 95 सीजीपीए के साथ उत्तीर्ण की हैं।हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में भी बढ़िया प्रदर्शन रहा।विजया विभिन्न महत्वपूर्ण अकादमिक गतिविधियों में भी भाग लेती रही।कामनवेल्थ यूथ अलायंस, सेंटर फार एडवांस स्टडीज इन इंटरनेशनल ह्यूमैनिटरियन ला समेत कई महत्वपूर्ण संस्थाओं से जुड़ी रही।इसके कई रिसर्च पेपर भी प्रकाशित हुए।इंटरनेशनल आब्रिट्रेशन से संबधित एक किताब भी प्रकाशित हो चुकी हैं।मां अनिता सिंह गौतम काशी विद्यापीठ के जीसीएम स्कूल, समाजकार्य संकाय में हेड इंस्ट्रक्टर के पद पर कार्यरत हैं।दो बेटियों में बड़ी पुत्री पल्लवी सिंह दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही हैं।बेटी की उपलब्धि से परिवार काफी खुश हैं।



## प्रथम पुण्यतिथि पर याद की गई श्रीमती महाराजी देवी, सम्मानित हुई कई बड़ी हस्तियां

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए समाज में काम करने वाले वास्तविक समाजसेवियों का सम्मान किया जाना बहुत जरूरी है। ऐसा नहीं किया गया तो ऐसे लोगों में हताशा व्याप्त होगी जो देश और समाज के हित में नहीं है। श्रीमती महराजी देवी की स्मृति में चौकड़ी में आयोजित प्रथम पुण्यतिथि समारोह में बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने श्रीमती महाराजी देवी को श्रद्धांजलि कहा है कि जो लोग अपने पुरखों को सादर याद करते हैं, आने वाली पीढ़ी भी उन्हें सादर याद करती है। उन्होंने कहा कि अपने पुरखों को याद करने का सबसे अच्छा तरीका उनकी स्मृति में पौध रोपण है। स्मृति समारोह में उपस्थित लोग यह कार्य अवश्य करें। यही श्रीमती महाराजी देवी सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर आयोजक ग्रामीण विकास एवं महिला जागरण समिति ने संस्कृत के विद्वान डाक्टर दिलीप कुमार गौतम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, प्रधान रामाश्रय सिंह चौहान, समाजिक नेत्री बिमला मौर्य और जनकवि धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। प्रथम पुण्यतिथि समारोह में डा. प्रदीप यादव,शम्भूनाथ यादव, प्रवीण कुमार एडवोकेट, पारसनाथ यादव, डा. लालजी भारद्वाज, विजय प्रताप यादव, राजनरायन यादव, श्रीमती रीता यादव, मनोज यादव रामविलास यादव, अच्छेलाल यादव, आदि ने भी श्रीमती महाराजी देवी को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।




## पानी टंकी का पम्प खराब होने के कारण ग्रामीण दूषित पानी पीने के लिए मजबूर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। लगभग दस-बारह हजार आबादी वाले ग्राम पंचायत- भुईली खास, विधानसभा-मड़िहान, में पेयजल के लिए पानी का टंकी लगा हुआ है।उसी से सभी लोगों को पेयजल की आपूर्ति होती है। पानी टंकी को भरने के लिए दो पम्प लगा हुआ है, जिसमें मेन पम्प पिछले दस-बारह दिनो से खराब है तथा दूसरा छोटा पम्प ज्यादा लोड पड़ने के कारण दो दिन पहले खराब हो गया।इधर दो दिन से पेयजल की आपूर्ति बंद है। यहां में करीब पचासों हैंडपंप भी लगे हुए हैं लेकिन ज्यादातर खराब हालत में है। लोगों को पीने का पानी काफी दूर से कुएं आदि से लाना पड़ रहा है। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि अभी इधर दो-चार दिन तक पंप के बनने की कोई संभावना नहीं है।पंप खराब होने के कारण यहां के लोग कुएं आदि का दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। अतः अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत-भुईली खास के ग्रामीणों के पेय जल की गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए तुरंत खराब पंप का मरम्मत कराकर पेयजलापूर्ति की व्यवस्था बहाल किया जाना अति आवश्यक है। नहीं तो यहां के लोगों को दूषित पानी पीने से गंभीर बीमारी की समस्या खड़ी हो सकती है। धन्यवाद।



## तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

प्रखर अदलहाट मिजार्पुर। सहकारी समिति के सामने टैंकर के धक्के से गौरही गांव निवासी सरजू पाल उम्र लगभग 64 वर्ष पुत्र स्वर्गीय झाझू पाल की मृत्यु हो गई।अदलहाट पुलिस ने वाहन और चालक को कब्जे में लेकर शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। प्राप्त सूचना के अनुसार गौरही गांव निवासी सरजू पाल अपनी साइकिल से अदलहाट बाजार स्थित सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए आया हुआ था , थाना गेट के समीप सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक टैंकर की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चालक को टैंकर समेत पकड़ कर थाने में खड़ा करा लिया है। एवं परिजनों से पंचायत नामा भरा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## पिंडरा विस जनपद की आदर्श विस होगी- डॉ अवधेश

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि पिंडरा विस- क्षेत्र स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क में मानक स्थापित किया वह पूर्व के 20 वर्षो में नही हुआ। कोरोड़ो रुपये की योजनाये जहाँ पूर्ण हो चुकी है वही दर्जनो योजनाएं पाइप लाइन में है। जो आने वाले दिनों में इसका लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। उक्त बातें प्रदेश सरकार व अपने कार्यकाल के साढ़े चार वर्ष पूर्ण करने पर बाबतपुर स्थित एक होटल में क्षेत्रीय पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने कहाकि राजनीति को व्यवसाय नही बल्कि समाजसेवा के रूप में चुना है। विधायक ने अपने साढ़े वर्ष की उपब्लधियो को गिनाते हुए कहाकि विस- क्षेत्र को आदर्श विस- बनाने के लिए हर घर नल योजना के तहत 40 पेयजल नलकूप , स्वास्थ्य के लिए सीएचसी गंगापुर, गजोखर व पीएचसी पिंडरा का कायाकल्प कराने के साथ बसनी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को क्षेत्र की जनता के लिए करोड़ो रुपए की लागत से उच्चकृत किया। अपराध पर अंकुश लगा। एक भी राजैनतिक हत्याएं नही हुई। एक प्रश्न के उत्तर में कहाकि पिंडरा क्षेत्र आने वाले दिनों सांस्कृतिक और रोजगारपरक होगा। 250 एकड़ में बनने वाले सांस्कृतिक संकुल व करखियाव में बनने वाला अमूल दूध प्लांट लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। महँगाव में 12 करोड़ की लागत से बना आईटीआई कॉलेज, मधुमखिया में एक करोड़ की लागत से बना गोशाला जनपद के लिए उपलब्धि है। पिंडरा में फायर स्टेशन, सिंधोरा में थाने का निर्माण, पर्यटन विभाग के माध्यम से 15 करोड़ की लागत से आधा दर्जन मंदिरों का जीर्णोद्धार, पिंडरा रोड हाल्ट , विधायक निधि से चार स्मृति / शहीद द्वार, कुल 34 सड़को का नव निर्माण तथा 24 किमी लंबे दो मार्गो का करोड़ो की लागत से निर्माण मेरी उपलब्धि रही। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय योजना अंतर्गत 150 गांवो मे विद्युतीकरण , बाबतपुर भदोही मार्ग के बकाए के रूप में किसानों को 250 करोड़ रुपए का भुगतान समेत दर्जनो ऐसे जनहित से जुड़े कार्य है। जो आने वाले दिनों में जनता के विकास के मायने बताने के लिए काफी होंगे।पत्रकार वार्ता के दौरान जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह व मीडिया प्रभारी अभिषेक राजपूत रहे।



# अब सीवर में नहीं उतरेगा सफाईकर्मी मशीनों से होगी सफाई: छाया


प्रखर भदोही। राज्य की योगी सरकार नगर नगर पंचायतों और पालिकाओं में कार्यरत संविदा और नियमित सफाई कर्मियों पर मेहरवान है। सोमवार को राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य छाया देवी भदोही में थीं। उन्होंने कहा कि सीवर की सफाई के लिए मशीनों का प्रयोग किया जाए। किसी भी स्थिति में किसी सफाई कर्मी को सीवर में उतरने के लिए मजबूर न किया जाए।आयोग की सदस्या ने कहा कि आउटसोर्सिंग और संविदा पर तैनात सफाई कर्मियों के मानदेय का नियमानुसार ईपीएफ एवं ईएसआई भी काटा जाए। यह भी सुनिश्चित कराया जाए कि सभी कर्मियों को भुगतान हुआ है अथवा नहीं। नियमित व संविदा सफाई कर्मचारियों के देय यदि लम्बित हैं तो उसके स्पष्ट कारणों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उपस्थित सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना तथा नियमानुसार समय से उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। जनपद भदोही के भ्रमण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तहसील सभागार ज्ञानपुर में बैठक की। आयोग की सदस्या छाया ने नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के सभी सफाई कर्मचारियों का मानदेय समय से देने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सभी संविदा कर्मचारियों की माह में चार छुट्टियां अवश्य दी जाएं । सर्दियों के समय महिला सफाई कर्मचारियों को स्वेटर तथा पुरुष कर्मचारियों को गरम कपड़े दिए जाने का निर्देश भी अधिशासी अधिकारियों को भी दिया। अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में आ रही अनियमितताओं को शीघ्र दूर किया जाए। सीवर में कार्यरत कर्मचारियों को समय से वेतन दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। दैनिक कर्मचारियों व वार्डों में ड्यूटी, वेतन, एरियर, साप्ताहिक छुट्टी सहित अन्य समस्याओं का सयमबद्ध निस्तारण किया जाए। इसमें जिस स्तर पर लापरवाही होगी तो सम्बधिंत के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने वाल्मीकि दैनिक कर्मचारियों से वार्डों में ड्यूटी, वेतन, एरियर, साप्ताहिक छुट्टी सहित अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है, हमें अपना कार्य कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करना चाहिए, तभी हमारा जीवन दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकता है। वहीं जीवन की सुरक्षा के लिए सफाई अत्यंत आवश्यक है। जीवन का मूल मंत्र ही स्वच्छता होना चाहिए।



## अवशेष जलाने से मित्र जीव भी होते है नष्ट: इंद्रेश वर्मा

प्रखर सेवराई गाजीपुर। तहसील क्षेत्र के सायर गांव में सम्मत पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार यादव की अध्यक्षता में द मिलियन फार्मर्स पाठशाला संपन्न हुआ। जिसमें तकनीकी सहायक इन्द्रेश कुमार वर्मा ने किसानों से धान कटाई के बाद पराली न जलाने को की अपील की है कि किसान धान की कटाई के बाद फसल अवशेष न जलाए बल्कि फसल अवशेष को विभिन्न कृषि यंत्रों के माध्यम से मृदा में मिलाएं। कृषिगत भूमि में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा निरंतर घट रही है फसल अवशेष मिट्टी में मिलाने से मृदा में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ेगी ,जबकि फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरण प्रदूषण होगा साथ ही मृदा में मित्र जीव भी नष्ट हो जाते हैं चारे की समस्या के साथ मृदा तापमान में वृद्धि होती है किसान फसल अवशेष को मिलाकर कार्बनिक खाद बनाए और पर्यावरण प्रदूषण से बचें। कृषि विभाग के द्वारा समय-समय पर प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेजीड्यू योजना के अंतर्गत 50% अनुदान पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर टोकन जनरेट करा कर अनुदान दिया जाता है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत एच. डी. एफ .सी .एर्गो बीमा के प्रतिनिधि मोहित श्रीवास्तव ने फसल बीमा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर राजेश यादव, ओम प्रकाश यादव, छोटेलाल चौधरी,जोगेन्द्र यादव,रामकृत चौधरी।



## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार में जा रही पिकअप पलटी, 6 गोवंशों की मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा थाना क्षेत्र के झझौर -चितौरा मार्ग पर स्थित मोड़ के पास अलसुबह तस्करी कर ले जा रहे गोवंश से भरी पिकअप तेज रफ्तार के चलते पलट गई। जिसके कारण 6 गोवंशों की मौके पर मौत हो गई । वही 3 गोवंश बुरी तरह घायल हो गए। वही घटना के बाद गोवंश तस्कर भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी पहुचे और पुलिस के साथ पशु चिकित्सको को सूचना दी। बताते हैं कि सोमवार को अलसुबह पिकअप से लादकर 9 गोवंशों को लेकर तस्कर जा रहे थे। तभी झझौर के पास उक्त वाहन तेज रफ्तार के कारण मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और सड़क के किनारे पलट गई। जिसके कारण 6 गोवंशों की मौके पर मौत हो गई और 3 गोवंश बुरी तरह घायल हो गए। जिनका पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा इलाज करने के बाद समीप के गोवंश आश्रय स्थल भेज दिया गया। वही घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लिया और मृत गोवंशों का पीएम कराया और वही गड्ढा खोदकर दफन कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात गोवंश तस्करी करने वालो के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत अनेक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। वही सूचना पर पहुचे हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश मंत्री गौरीश सिंह ने बताया कि गोवंश की तस्करी करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई और घायल गोवंशों का इलाज कराया गया ।

### खेल इंडिया अभियान में शामिल होंगे बेसिक के छात्र

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक अब शिक्षण कार्य के साथ खेलो इंडिया अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों के बच्चो को खेल भी सिखाएंगे और प्रतिभाशाली बच्चो को प्रोत्साहित करेंगे। उक्त बातें एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ पर खेलो इंडिया अभियान के तहत प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मंगरु राम ने कही। उन्होंने कहाकि हर विद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण लेने के बाद बच्चो के प्रतिभा को तरासने का कार्य करेंगे।जिससे प्रतिभावान बच्चो के प्रतिभा निखर सके। इस दौरान 21 अक्टूबर को विकास खण्ड के प्रत्येक स्कूलों पर होने वाले खेलकूद प्रतियोगिता के बाबत विस्तृत जानकारी दी गई। पहले दिन 50-50 के दो बैच का प्रशिक्षण दिया गया। व्यायाम शिक्षक कैलाश यादव ने बताया कि कुल 1125 शिक्षको, जिसमे शिक्षक, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वही प्रशिक्षक के रूप में रामसेववक यादव, वीरेंद्र कुमार, वेदप्रकाश सिंह, चंद्रशेखर सरोज, अरविंद सिंह, समेत प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



### श्रीबाल रामलीला समिति चौक बाजार की बैठक संपन्न



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर के चौक बाजार में स्थित शंकर जी के मंदिर पर रविवार की रात मुकुट पूजन किया गया ! इस दौरान श्री बाल रामलीला के मंचन और लीला के पदाधिकारियों का गठन किया गया ! श्री बाल रामलीला के संरक्षक चंद्रभान अग्रहरि व सुशील चंद्र व अन्य पदाधिकारियों ने कुमार आनंद को सब ने सर्व सम्मत से अध्यक्ष मनोनीत किया वही अनिल केसरी को उपाध्यक्ष अरविंद अग्रहरि को कोषाध्यक्ष कामेश्वर रविंद्र महोदय को महामंत्री मनोनीत किया गया ! इस दौरान अध्यक्ष कुमार आनंद ने बताया कि 6 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू किया जाएगा जो 20 अक्टूबर तक अनवरत चलता रहेगा ! बैठक के दौरान कान्हा अश्वनी गोविंद विकास रौनक रोशन सक्षम अभिषेक सहित अन्य दर्जनों लोग रहें उपस्थित !

### सफाई कर्मी ने ब्लॉक कर्मियों पर जाति सूचक शब्द व मारपीट का लगाया आरोप

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। विकासखंड राजगढ़ के क्षेत्र के लालपुर नौडीहा गांव निवासी सफाई कर्मी राम कृपाल अहरौरा थाना क्षेत्र के रामपुर बरहो ग्राम सभा का सफाई कर्मी ब्लॉक कर्मियों पर जातिसूचक शब्द एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए जनपद के एसपी व डीपीआरओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में सफाई कर्मी ने आरोप लगाया है कि अपने हस्तांतरण के लिए 13 मई को सहायक विकास अधिकारी पंचायत से मिला, पंचायत सहायक विकास अधिकारी के कर्मियों ने स्थान तरण के लिए 17 हजार की मांग रखी। 15 मई को 15 हजार पंचायत सहायक विकास अधिकारी को दिया। चार महीने बाद भी हस्तांतरण नहीं हुआ तो 14 सितंबर को पैसा मांगने पर ब्लॉक कर्मियों ने गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर भगा दिया। पीड़ित सफाई कर्मी ने 18 सितंबर को पुलिस उपमहानिरीक्षक व डीपीआरओ को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर ब्लॉक सहित क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि उक्त सफाई कर्मी को निलंबित भी किया जा चुका है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी नंदलाल कुमार से बात हुई जो उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है अगर ऐसा है तो जांच का विषय है। इस संबंध में जब एडीओ पंचायत पंकज वर्मा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी को पहले ही निलंबित किया जा चुका है इसलिए वह ऐसा कर रहा है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं